>

Title: Need to include Hatya Haran, a mythological place in Misrikh Parliamentary Constituency in Ramayana Circuit-laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): यह प्रसनता की बात है कि केंद्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत देशभर में टूरिस्म को बढावा देने के लिए सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण पर ध्यान देते हुए "रामायण सर्किट' के विकास के लिए तेजी से कार्य प्रारम्भ किया है और "रामायण सर्किट' यानि भगवान श्री राम से जुड़े प्रमुख स्थलों को एक साथ जोड़ने की योजना बनाई है, जिसमें देश के कई राज्यों के उन 15 स्थानों को चुना गया है, जहां से श्री राम गुजरे थे ।

उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में बालाभाऊ विधान सभा क्षेत्र में स्थित हत्याहरण एक प्रमुख धार्मिक स्थल है । यहाँ स्थित हत्याहरण कुंड श्री भगवान राम से गहरा ताल्लुक रखता है । ऐसी मान्यता है कि भगवान राम जब रावण का वध करके यहाँ आए तो स्नान कर रावण वध से मुक्त हुए । यहाँ पर देश के दूरदराज क्षेत्रों से ही नहीं बल्कि विदेश से भी एक बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं का आनाजाना लगा रहता है । हत्याहरण धार्मिक स्थल का महत्व पुराणों में भी वर्णित है । भादों के महीने में प्रत्येक रविवार को यहाँ पर मेले का भी आयोजन होता है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि जिस प्रकार से राज्य के अयोध्या, अंगवेरकर, चित्रकूट, नंदीग्राम एवं देश के दूसरे राज्यों के अन्य स्थल, जो भगवान श्री राम से जुड़े हुए हैं, का रामायण सर्किट योजना में चयन किया गया है, उसी प्रकार से हत्याहरण धार्मिक स्थल को भी इस योजना में शामिल किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए ।